भारतीय रिजर्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड में किसी भी समय पूर्णकालिक उप-गवर्नरों (Deputy Governors) की अधिकतम संख्या _____ हो सकती है।

A. 5

B. 4 ✓

C. 2

D. 3

Q99 General Awareness

रोहतांग दर्रा निम्न में से किस राज्य में स्थित है?

A. उत्तराखंड

B. अरुणाचल प्रदेश

C. सिक्किम

D. हिमाचल प्रदेश ✓

Q100 General Awareness

निम्न में से कौन सी उदारीकरण (liberalisation) की सही परिभाषा है?

A. यह आर्थिक विकास को उन्नत करने के लिए नियंत्रण प्रणालियों को हटाने की प्रक्रिया है। ✓

B. यह वह स्थिति है, जहां बाजार में एक ही विक्रेता होता है।

C. यह वह प्रक्रिया है, जिसके द्वारा कोई अर्थव्यवस्था, कृषि अर्थव्यवस्था से वस्तुओं के विनिर्माण वाली अर्थव्यवस्था में परिवर्तित हो जाती है।

D. यह वह नीति है, जो सार्वजनिक संस्थाओं द्वारा अधिक से अधिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सरकारी कानूनों और प्रतिबंधों को अभिवर्धित करने पर केंद्रित है।

Q101 General Awareness

बोन-गीत (वन/प्रकृति गीत), मुख्य रूप से _____ की लोक-गीत शैली है।

A. हिमाचल प्रदेश

B. मणिपुर

C. असम ✓

D. मेघालय

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q102 General Awareness

दिसंबर 2021 में, भारत की किस शहरी नवीनीकरण परियोजना को सांस्कृतिक विरासत संरक्षण के लिए यूनेस्को एशिया-पैसिफ़िक पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?

A. जैसलमेर किला परियोजना

B. कुतुब शाही मकबरा परियोजना

C. निजामुद्दीन बस्ती परियोजना ✓

D. सुंदर नर्सरी परियोजना

Q103 General Awareness

एमएस-एक्सेल (MS-Excel) वर्कशीट में छठी पंक्ति (row) के सातवें स्तंभ (column) में मौजूद सेल का एड्रेस क्या होता है?

A. F6

B. F7

C. G7

D. G6 ✓

Q104 General Awareness

किस देश ने नवंबर 2021 में जिरकोन हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण किया?

A. रूस ✓

B. जर्मनी

C. फ्रांस

D. चीन

Q105 General Awareness

पंजाब और हरियाणा के लोग अच्छी /अच्छे _____ के लिए भगवान को धन्यवाद करने के लिए बैसाखी का त्योहार या वैसाखी मनाते हैं।

A. फसल ✓

B. जलवायु

C. स्वास्थ्य

D. जीवन

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q106 General Awareness

अगस्त 2021 में, नीरज चोपड़ा ने टोक्यो ओलंपिक में _____ में स्वर्ण पदक जीता।

A. भाला फेंक ✓

B. निशानेबाजी

C. तलवारबाजी

D. बैडमिंटन

Q107 General Awareness

अनिवार्य रक्षा सेवा विधेयक 2021 को राष्ट्रपति की मंज़ूरी किस महीने में प्राप्त हुई थी?

A. जनवरी 2022

B. सितंबर 2021

C. अगस्त 2021 ✓

D. दिसंबर 2021

Q108 General Awareness

किसी फर्म का संपूर्ण राजस्व वक्र फर्म द्वारा किए गए _____ और फर्म के उत्पादन स्तर के बीच संबंध को दर्शाता है।

A. संपूर्ण राजस्व ✓

B. अर्ध-वार्षिक राजस्व

C. निवेश

D. त्रैमासिक राजस्व

Q109 General Awareness

ओन्गी (Onge) नामक आदिवासी समूह निम्न में से किस केंद्र शासित प्रदेश में निवास करता है?

A. पुदुचेरी

B. अंडमान और निकोबार ✓

C. दिल्ली

D. लक्षद्वीप

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q110 General Awareness

लगभग 260 ईसा पूर्व किस मौर्य सम्राट ने कलिंग को जीतने के लिए सैन्य अभियान का नेतृत्व किया था?

A. बिंदुसार

B. चन्द्रगुप्त मौर्य

C. बृहद्रथ

D. अशोक ✓

Q111 General Awareness

1889 में, _____ ने मुक्ति मिशन की स्थापना की थी, जो उन युवा विधवाओं के लिए एक शरणस्थली थी, जिन्हें उनके परिवारों ने वियुक्त कर दिया गया था और उनके साथ दुर्व्यवहार किया था।

A. आनंदीबाई जोशी

B. रखमाबाई सेव

C. रमाबाई रानाडे

D. पंडिता रमाबाई ✓

Q112 General Awareness

भारतीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस सांख्यिकी, 2018-19 के अनुसार, 01.04.2019 तक प्राप्त जानकारी के आधार पर, निम्न में से किस राज्य में अपरिष्कृत तेल का सबसे बड़ा बैलेंस रिकवरेबल रिजर्व (ऑनशोर) मौजूद है?

A. तमिलनाडु

B. असम ✓

C. गुजरात

D. महाराष्ट्र

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q113 General Awareness

निम्न में से किसके पास केंद्र एवं राज्य सरकारों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के वित्तीय संव्यवहारों की लेखा परीक्षा आयोजित करने का संवैधानिक अधिकार होता है?

A. राज्य लोक सेवा आयोग

B. नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक ✓

C. वित्त आयोग

D. भारत के महान्यायवादी

Q114 General Awareness

16वां जी-20 शिखर सम्मेलन _____ में आयोजित किया गया था।

A. रोम ✓

B. पेरिस

C. ओसाका

D. शिकागो

Q115 General Awareness

भारत के संविधान के अनुच्छेद 7 के अनुसार, कोई भी व्यक्ति जो _____ के बाद भारत के राज्य क्षेत्र से प्रव्रजन कर अब पाकिस्तान में शामिल राज्य क्षेत्र में चला गया है, उसे भारत का नागरिक नहीं माना जाएगा।

A. 19 जुलाई 1947

B. 1 अप्रैल 1947

C. 18 अगस्त 1947

D. 1 मार्च 1947 ✓

Q116 General Awareness

वर्ष 2020 तक प्राप्त जानकारी के आधार पर, वैश्विक पवन ऊर्जा परिषद (Global Wind Energy Council) के अनुसार, स्थापित पवन ऊर्जा क्षमता के मामले में, विश्व में भारत का कौन सा स्थान है?

A. तीसरा

B. चौथा ✓

C. पहला

D. दूसरा

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q117 General Awareness

जून 2021 में, विज्ञान और इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड (SERB) ने किसके सहयोग से 'फंड फॉर इंडस्ट्रियल रिसर्च एंगेजमेंट (FIRE)' का शुभारंभ किया था?

A. इंफोसिस

B. सिस्को

C. इंटेल इंडिया ✓

D. माइक्रोसॉफ्ट

Q118 General Awareness

निम्न में से कौन सा उदारीकरण का उद्देश्य नहीं है?

A. किसी देश का वैश्विक बाजार विकसित करना

B. विदेशी व्यापार को बढ़ावा देना तथा आयात और निर्यात को विनियमित करना

C. प्रौद्योगिकी और विदेशी पूंजी के प्रभाव को कम करना ✓

D. घरेलू व्यवसायों के बीच प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करना

Q119 General Awareness

भारतीय संविधान के अनुसार, प्रत्येक पंचायत, जब तक कि तत्समय प्रवृत किसी विधि के अधीन पहले ही विघटित नहीं कर दी जाती है तो, अपने प्रथम अधिवेशन के लिए नियत तिथि से _____ वर्ष तक बनी रहेगी, और उससे अधिक नहीं।

A. 6

B. 7

C. 5 ✓

D. 4

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q120 General Awareness

किस गुणक सिद्धांत में यह वर्णन किया गया है कि सरकार जितना अधिक खर्च करेगी, अर्थव्यवस्था उतनी ही समृद्ध होगी?

A. अर्जन गुणक (Earning Multiplier)

B. केनेसियन गुणक (Keynesian Multiplier) ✓

C. राजकोषीय गुणक (Fiscal Multiplier)

D. निवेश गुणक (Investment Multiplier)

Blackbook

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Mathematics 35 Questions • Answer Key

Q1 Mathematics

A एक निश्चित काम को 15 दिनों में कर सकता है, और B उसी काम का एक-तिहाई 10 दिनों में कर सकता है। A और B एकसाथ 6 दिनों तक काम करते हैं और फिर A काम छोड़कर चला जाता है। B शेष काम C के साथ मिलकर 8 दिनों में पूरा करता है। मूल काम को A और C मिलकर कितने समय में पूरा कर सकते थे?

A. 9 दिन

B. 12 दिन ✓

C. 15 दिन

D. 18 दिन

Q2 Mathematics

$5-10\div5\times2-[12\div6 \text{ of } \{5\times6\div(6-9)+13\}\times(8\div4 \text{ of } 3)]$ का मान ज्ञात कीजिए।

A. $\frac{5}{9}$ ✓

B. $\frac{5}{6}$

C. $\frac{4}{9}$

D. $\frac{2}{3}$

Q3 Mathematics

किसी वस्तु को ₹222 में बेचने पर एक व्यक्ति को ₹48 की हानि होती है। इस संव्यवहार में हुई हानि का प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

A. $16\frac{7}{18}\%$

B. $18\frac{8}{9}\%$

C. $21\frac{23}{37}\%$

D. $17\frac{7}{9}\%$ ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q4 Mathematics

A की आय B की आय से 25% कम है, जिसकी आय C की आय से 40% अधिक है। C की आय, D की आय से 20% कम है। A की आय, C की आय से कितने प्रतिशत अधिक है?

A. 10%

B. 8%

C. 4%

D. 5% ✓

Q5 Mathematics

अनमोल एक काम को 25 दिनों में पूरा कर सकता है। गरिमा के साथ मिलकर वह उसी काम को 15 दिनों में पूरा कर सकता है, जबकि अनमोल और असीमा एक साथ काम करते हुए उसी काम को 20 दिनों में पूरा कर सकते हैं। गरिमा और असीमा एक साथ काम करते हुए उसी काम को कितने दिनों में पूरा कर सकती हैं?

A. 30

B. $\frac{300}{11}$ ✓

C. 29

D. $\frac{250}{9}$

Q6 Mathematics

उस समचतुर्भुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए, जिसके विकर्णों की लंबाइयां 48 m और 64 m हैं।

A. 1536 sq.m ✓

B. 1636 sq.m

C. 1436 sq m.

D. 1736 sq.m

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q7 Mathematics

किसी बल्लेबाज के पिछली 10 पारियों के स्कोर दिए गए हैं। इन पारियों में बल्लेबाज का माध्यिका स्कोर ज्ञात कीजिए।

65, 180, 81, 6, 63, 27, 122, 8, 165, 50

A. 64 ✓

B. 64.5

C. 63

D. 65

Q8 Mathematics

संख्याओं 4, 6, 10, x, 20, 24, 32 को आरोही क्रम में व्यवस्थित किया गया है। यदि इनके माध्य और माध्यिका बराबर हैं, x का मान ज्ञात कीजिए।

A. 20

B. 12

C. 16 ✓

D. 8

Q9 Mathematics

यदि 5 अंकों की संख्या 505xy, 11 और 21 से विभाज्य है, तो (7x-5y) का मान क्या होगा?

A. 31

B. 30

C. 11 ✓

D. 16

Q10 Mathematics

IJK एक समद्विबाहु त्रिभुज है जिसमें IJ = IK है। यदि ∠JIK = 60° है, तो ∠IJK का माप 120° से कितने प्रतिशत कम होगा?

A. 55%

B. 54%

C. 52%

D. 50% ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q11 Mathematics

समीकरण $9\,(x+9)^2 = 441$ के मूल (roots) ज्ञात कीजिए।

A. −2, −16 ✓

B. 12, 21

C. −12, −21

D. 2, 16

Q12 Mathematics

60 km की दूरी तय करने में, अर्जुन, रोहित से 2 घंटे अधिक लेता है। यदि अर्जुन अपनी चाल को दोगुना कर ले, तो वह रोहित से 1 घंटा कम समय लेगा। अर्जुन की आरंभिक चाल ज्ञात कीजिए।

A. 15 km/h

B. 10 km/h ✓

C. 25 km/h

D. 5 km/h

Q13 Mathematics

यदि $x : y = 3 : 4$ है, तो $(7x - 4y) : (3x + 2y)$ का मान क्या होगा?

A. 1: 4

B. 5 : 17 ✓

C. 1 : 3

D. 2 : 7

Q14 Mathematics

₹320 प्रति हेक्टेयर की दर से किसी वर्गाकार खेत की जुताई की लागत ₹2880 है। इसका क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। (1 हेक्टेयर = 10000 sq.m का प्रयोग कीजिए)

A. 80000 sq.m

B. 70000 sq.m

C. 90000 sq.m ✓

D. 60000 sq.m

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q15 Mathematics

यदि 28957.5 ÷ 268.125 = 108 है, तो 289.575 ÷ 2681.25 निम्न में से किसके बराबर होगा?

A. 10.8

B. 0.108 ✓

C. 1.08

D. 0.0108

Q16 Mathematics

एक गणित प्रश्नोत्तरी में कक्षा 10 के 64 विद्यार्थी भाग लेते हैं। यदि लड़कियों की संख्या, लड़कों की संख्या से 16 अधिक है, तो प्रश्नोत्तरी में भाग लेने वाले लड़कों की संख्या और विद्यार्थियों की कुल संख्या का अनुपात ज्ञात कीजिए।

A. 3 : 8 ✓

B. 5 : 8

C. 3 : 5

D. 4 : 9

Q17 Mathematics

दिए गए आंकड़ों की माध्यिका ज्ञात कीजिए।

1, 1.1, 2.3, 0.1, 0.9, 5, 3.9, 2.5, 4.2, 4.6

A. 2.6

B. 2.3

C. 2.5

D. 2.4 ✓

Q18 Mathematics

ब्याज वार्षिक रूप से चक्रवृद्धि होने पर ₹14,000 की राशि एक निश्चित वार्षिक दर से 2 वर्षों में ₹18,515 हो जाती है। यदि ब्याज प्रति आठ माह में चक्रवृद्धि हो, तो समान राशि पर, समान समय में और समान दर से प्राप्त होने वाला चक्रवृद्धि ब्याज कितना होगा?

A. ₹4,494

B. ₹4,620

C. ₹4,634 ✓

D. ₹3,234

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q19 Mathematics

एक वर्ग का परिमाप, 56 cm लंबाई और 42 cm चौड़ाई वाले एक आयत के परिमाप के बराबर है। उस अर्धवृत्त का परिमाप (cm में) ज्ञात कीजिए, जिसका व्यास वर्ग की भुजा के बराबर हो। ($\pi = \frac{22}{7}$ मान लीजिए)

A. 224

B. 198

C. 182

D. 126 ✓

Q20 Mathematics

वह बड़ी से बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए, जो 536, 1064 और 1928 को पूर्णतः विभाजित करेगी?

A. 8 ✓

B. 4

C. 6

D. 12

Q21 Mathematics

किसी छात्र समूह में, लड़कियों की संख्या लड़कों की संख्या की तीन-चौथाई है। यदि लड़कियों की संख्या का दो-तिहाई भाग और लड़कों की संख्या का आधा भाग आम का रस पसंद करता है, तो लड़कियों और लड़कों की कुल संख्या का कितना भाग आम का रस पसंद करता है?

A. $\frac{4}{7}$ ✓

B. $\frac{2}{7}$

C. $\frac{3}{7}$

D. $\frac{1}{7}$

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q22 Mathematics

X एक निश्चित कार्य को 84 दिन में कर सकता है। Y, X से 50% कम कार्यकुशल है, जबकि Z उसी कार्य को करने में 28 दिन का समय लेता है। कार्य को पूरा करने के लिए, Y ने कार्य शुरू किया, 3 दिन के बाद X उसके साथ शामिल हो गया और Z शुरुआत से 7 दिन के बाद उनके साथ शामिल हुआ। Z ने कार्य को पूरा करने के लिए कितने दिन तक कार्य किया?

A. 17 ✓

B. 16

C. 14

D. 15

Q23 Mathematics

वह छोटी से छोटी संख्या ज्ञात कीजिए, जिसे 11, 12, 13, 14 और 15 से विभाजित करने पर प्रत्येक स्थिति में शेषफल 2 प्राप्त हो।

A. 60062 ✓

B. 60060

C. 60058

D. 60002

Q24 Mathematics

रवि के पास 1530 अंडे हैं, जबकि विनीता के पास 2380 अंडे हैं, जिन्हें कार्टनों में रखा जाना है। प्रत्येक कार्टन में अंडों की अधिकतम संख्या कितनी होनी चाहिए, ताकि वह कार्टन, रवि और विनीता दोनों के लिए ही उपयोग हेतु स्वीकार्य हों, और उसमें कोई खाली जगह न हो, और कोई भी अंडा बिना पैक किया हुआ न रहे?

A. 170 ✓

B. 340

C. 255

D. 85

Q25 Mathematics

एक लंबवृत्तीय बेलन का आयतन 1792π cm^3 और त्रिज्या 16 cm है। बेलन का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल (cm^2 में) ज्ञात कीजिए।

A. 112π

B. 256π

C. 224π ✓

D. 192π

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q26 Mathematics

अविक 8 मीटर प्रति सेकेंड की चाल से दौड़ता है। यदि वह उसी चाल से दौड़ना जारी रखता है, तो अविक 24 मिनट में कितने किलोमीटर की दूरी तय करेगा?

A. 11.52 ✓

B. 11.44

C. 11.56

D. 11.60

Q27 Mathematics

सचिन और सहवाग के पास कुल ₹950 हैं। सहवाग से ₹250 लेने पर सचिन के पास उतनी ही राशि होगी, जितनी सहवाग के पास पहले से थी। उन राशियों का अनुपात ज्ञात कीजिए जो प्रारंभ में सहवाग और सचिन के पास थीं।

A. 12 : 7 ✓

B. 7 : 5

C. 9 : 7

D. 13 : 9

Q28 Mathematics

एक ठोस लंबवृत्तीय शंकु 11.2 cm ऊंचा है और इसके आधार की त्रिज्या 2.8 cm है। यदि शंकु को पिघलाकर एक गोले के रूप में ढाला जाता है, तो गोले का व्यास कितना होगा?

A. 2.8 cm

B. 4.2 cm

C. 8.4 cm

D. 5.6 cm ✓

Q29 Mathematics

10 m लंबे एक खोखले स्टील के पाइप के आंतरिक और वाह्य व्यास क्रमशः 15 cm और 17 cm हैं। यदि इसके पृष्ठ के 1 cm^2 हिस्से को पेंट करने की लागत ₹0.15 है, तो इसके सभी पृष्ठों को पेंट करने की लागत ज्ञात कीजिए। [$\pi = \frac{22}{7}$ मान लीजिए]

A. ₹15,160.80

B. ₹15,200.80

C. ₹15,000.80

D. ₹15,100.80 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q30 Mathematics

निम्न व्यंजक को सरल कीजिए:

$$3.5 \times 0.5 \times (4.4 - 0.625 \div 1.5625)$$

A. 1.75

B. 7 ✓

C. 14

D. 10.5

Q31 Mathematics

निम्न समीकरण में x का मान ज्ञात कीजिए।

$$\left[1 + \frac{1}{1+\frac{1}{1+\frac{1}{5}}}\right] \div 1\ \frac{6}{11} = \frac{x}{2}$$

A. 2 ✓

B. 1

C. $\frac{2}{3}$

D. $\frac{1}{2}$

Q32 Mathematics

₹3,680 की राशि 12.5% वार्षिक साधारण ब्याज की दर पर 6 वर्षों के लिए निवेश की जाती है। परिपक्वता पर प्राप्त होने वाला मिश्रधन ज्ञात कीजिए।

A. ₹6,420

B. ₹6,480

C. ₹6,440 ✓

D. ₹6,460

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q33 Mathematics

ऋतिक एक मेज को 37.5% के लाभ पर बेचता है। यदि उसने इसे 12.5% कम पर खरीदा होता, और इसे ₹330 कम पर बेचा होता, तो उसे 10% का लाभ प्राप्त होता। मेज का क्रय मूल्य ₹1,000 से कितने प्रतिशत कम है?

A. 21%

B. 20% ✓

C. 23%

D. 22%

Q34 Mathematics

निम्न व्यंजक का मान ज्ञात कीजिए।

$$7\frac{2}{3} \times 5\frac{3}{4} + 9\frac{1}{2} \times 6\frac{3}{4}$$

A. $114\frac{1}{24}$

B. $98\frac{3}{24}$

C. $108\ \frac{5}{24}$ ✓

D. $103\frac{7}{24}$

Q35 Mathematics

यदि ब्याज की दर 20% वार्षिक है, और ब्याज की गणना अर्ध-वार्षिक चक्रवृद्धि आधार पर की जाती है, तो ₹4,000 की राशि पर $\frac{3}{2}$ वर्षों में प्राप्त मिश्रधन कितना होगा?

A. ₹5,224

B. ₹5,334

C. ₹5,324 ✓

D. ₹5,234

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q36 General Intelligence and Reasoning

निम्नलिखित अक्षर, संख्या, प्रतीक शृंखला का अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें:

(बाएं) @ 5 7 R M # 2 Q Ω 3 Z A 4 @ W ! R # 5 N % A ! T & 4 A (दाएं)

ऐसे कितने अक्षर हैं, जिनके ठीक बाद एक प्रतीक है और ठीक पहले एक संख्या है?

A. 1

B. 4

C. 3

D. 2 ✓

Q37 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में,

'You are bad' को 'YO LO PO' लिखा जाता है, 'Schools are bad' को 'NO PO YO' लिखा जाता है, और 'You are human' को 'LO PO RO' लिखा जाता है।

उसी कूट भाषा में 'Human are bad' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

A. RO NO PO

B. RO YO NO

C. RO PO LO

D. RO YO PO ✓

Q38 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में, BUTTER को 2212020518 लिखा जाता है, और MINED को 1391454 लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में OIL को किस प्रकार लिखा जाएगा?

A. 15912 ✓

B. 17456

C. 12345

D. 18632

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q39 General Intelligence and Reasoning

लोकेश पूर्व की ओर 4 km चलता है, फिर बाएं मुड़ता है, और 3 km और चलता है। अंततः वह बाएं मुड़ता है, और 4 km चलकर रुक जाता है। अब उसके सामने की ओर कौन सी दिशा है, और वापस आरंभ बिंदु तक पहुंचने के लिए उसके द्वारा तय की जाने वाली न्यूनतम दूरी कितनी है? (सभी मोड़ केवल 90° वाले मोड़ हैं)

A. उत्तर, 4 km

B. पश्चिम, 7 km

C. उत्तर, 7 km

D. पश्चिम, 3 km ✓

Q40 General Intelligence and Reasoning

'P + Q' का अर्थ है - 'P, Q की पुत्री है',

'P × Q' का अर्थ है - 'P, Q का पुत्र है',

'P − Q' का अर्थ है - 'P, Q की पत्नी है',

दिए गए व्यंजक के लिए निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प सही है?

'A + B − C × D'

A. B, D का पुत्र है।

B. C, D की पत्नी है।

C. A, D के पुत्र की पुत्री है। ✓

D. B, D की पुत्री है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q41 General Intelligence and Reasoning

कुछ विद्यार्थी एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं। उनके स्थान निम्नलिखित शर्तों पर निर्भर हैं:

1. B, G और D दोनों के ठीक बगल में बैठा है।
2. H, B के बाईं ओर तीसरे स्थान बैठा है। H, A के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है।
3. C, H और G दोनों के ठीक बगल में बैठा है।
4. A और F पंक्ति के सिरों पर बैठे हैं, और F, B के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है।

पंक्ति में कितने विद्यार्थी हैं?

A. 8 ✓

B. 5

C. 6

D. 7

Q42 General Intelligence and Reasoning

1. पुनीत, कौशल, राखी और जगजीत चार मित्र हैं।
2. पुनीत और कौशल, रग्बी और क्रिकेट खेलते हैं।
3. कौशल और राखी, रग्बी और बैडमिंटन खेलते हैं।
4. पुनीत और जगजीत, क्रिकेट और बास्केटबॉल खेलते हैं।
5. राखी और जगजीत, बैडमिंटन और बास्केटबॉल खेलते हैं।

निम्नलिखित में से कौन क्रिकेट, बास्केटबॉल और बैडमिंटन खेलता है?

A. जगजीत ✓

B. राखी

C. कौशल

D. पुनीत

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q43 General Intelligence and Reasoning

रमन और उसकी बहन शिखा एक ही कक्षा में पढ़ते हैं। एक परीक्षा में रमन का स्थान नीचे से 11$^{वां}$ है, और उसी परीक्षा में शिखा का स्थान ऊपर से पहला है। यदि 11 छात्रों के स्थान, रमन और शिखा के बीच हैं, तो कक्षा में कितने छात्र हैं?

A. 24

B. 22

C. 25

D. 23 ✓

Q44 General Intelligence and Reasoning

S, N से छोटा है। P, S से लंबा है। Q, N से लंबा है, लेकिन H से छोटा है। N, P से लंबा है। यदि वे सभी लंबाई के अनुसार एक पंक्ति में खड़े हों, तो उनमें से कौन ठीक मध्य में होगा?

A. P

B. N ✓

C. H

D. Q

Q45 General Intelligence and Reasoning

दिए गए विकल्पों में से उस अक्षर-समूह का चयन करें, जो निम्नलिखित शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आकर दी गई शृंखला को जारी रख सकता है।

KWX, NSA, QOD, TKG, WGJ, ?

A. CAN

B. AND

C. ZDM

D. ZCM ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q46 General Intelligence and Reasoning

छह सहकर्मी - रंजना, दीक्षा, चाहत, आकाश, रीता और सूरज एक पार्क में एक बेंच पर उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं। रीता बेंच के पूर्वी सिरे पर बैठी है। रंजना और चाहत एक दूसरे के ठीक बगल में बैठे हैं। आकाश और सूरज के बीच केवल दो सहकर्मी बैठे हैं। दीक्षा के दाईं ओर केवल एक सहकर्मी बैठा है। आकाश बेंच के पश्चिमी सिरे पर बैठा है। रीता और रंजना के बीच तीन सहकर्मी बैठे हैं। बेंच के पश्चिमी सिरे से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

A. सूरज

B. रंजना

C. चाहत ✓

D. दीक्षा

Q47 General Intelligence and Reasoning

एक समूह के 8 विद्यार्थी - J, K, L, M, N, O, P और Q, एक दूसरे की ओर मुख करके दो पंक्तियों में बैठे हैं। प्रत्येक पंक्ति में चार विद्यार्थी हैं। Q और N एक दूसरे की ओर मुख करके बैठे हैं। Q, P और O दोनों के ठीक बगल में बैठा है। K, O के बाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। K और J विकर्णतः सामने बैठे हैं। M और N, एक - दूसरे के ठीक बगल में नहीं बैठे हैं। L के सामने कौन बैठा है?

A. O ✓

B. N

C. K

D. Q

Q48 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में, CABLE को 65@7# लिखा जाता है, और PARKLET को 85917#2 लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में ELRAP को किस प्रकार लिखा जाएगा?

A. 9#785

B. #9587

C. 7#958

D. #7958 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q49 General Intelligence and Reasoning

दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, और तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन से कथनों का तार्किक रूप से पालन करते हैं?

कथन:

(a) सभी टॉप, टी - शर्ट हैं।

(b) कुछ श्रग, टी - शर्ट हैं।

निष्कर्ष:

I. कुछ टॉप, श्रग हैं।

II. सभी टी - शर्ट, टॉप हैं।

A. निष्कर्ष I और II दोनों पालन करते हैं।

B. केवल निष्कर्ष II पालन करता है।

C. न तो निष्कर्ष I और न ही II पालन करता है। ✓

D. केवल निष्कर्ष I पालन करता है।

Q50 General Intelligence and Reasoning

दी गई बैठक व्यवस्था संबंधी जानकारी पढ़िए और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

पुनीत, मोनू, ज्योति, उमेश, तापसी, विनोद, पुष्पा और साहा एक वर्गाकार मेज पर इस प्रकार बैठे हैं, कि उनमें से चार, मेज के चारों कोनों पर बैठे हैं, जबकि अन्य चार मेज की चारों भुजाओं में से प्रत्येक के मध्य में बैठे हैं। मेज के कोनों पर बैठे चार व्यक्तियों का मुख मेज के केंद्र की ओर है, जबकि मेज की भुजाओं के मध्य में बैठे व्यक्तियों का मुख बाहर की ओर है। पुनीत, जिसका मुख केंद्र की ओर है, वह विनोद के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। तापसी, जो केंद्र की ओर मुख करके बैठा है, वह विनोद के ठीक बगल में नहीं बैठा है। विनोद और पुष्पा के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। उमेश, मोनू के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। मोनू केंद्र की ओर मुख करके बैठा है। ज्योति, पुनीत के ठीक बगल में नहीं बैठी है।

मोनू के संबंध में निम्न में से कौन सा कथन सत्य है?

A. मोनू, साहा के ठीक बगल में बैठा है।

B. मोनू, तापसी के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है।

C. मोनू, ज्योति के ठीक बगल में बैठा है।

D. मोनू, विनोद और पुष्पा के ठीक मध्य में बैठा है। ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q51 General Intelligence and Reasoning

उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसका पांचवें पद से वही संबंध है, जो दूसरे पद का पहले पद से है, और चौथे पद का तीसरे पद से है।

Rahul : 12 :: Zenus : 17 :: Vinas : ?

A. 13 ✓

B. 11

C. 14

D. 15

Q52 General Intelligence and Reasoning

दीपिका अपनी शाम की सैर के दौरान उत्तर की ओर मुख करके चलना शुरू करती है, और 2 km चलती है। फिर, वह दाएं मुड़ती है, और 2 km और चलती है। अंत में, वह बाएं मुड़ती है, और 3 km और चलती है। अब उसका मुख किस दिशा की ओर है? (सभी मोड़ केवल 90° वाले मोड़ हैं)

A. पश्चिम

B. उत्तर ✓

C. दक्षिण

D. पूर्व

Q53 General Intelligence and Reasoning

दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन से दिए गए कथनों के आधार पर सत्य हैं?

कथन:

$K \leq O = M \geq N$ और $L \geq M$

निष्कर्ष:

I. $L \geq K$,

II. $N < K$

A. केवल I सत्य है। ✓

B. केवल II सत्य है।

C. I और II दोनों ही सत्य हैं।

D. I और II दोनों सत्य नहीं है

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q54 General Intelligence and Reasoning

दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, और तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन से कथनों का तार्किक रूप से पालन करते हैं?

कथन:

1. सभी गिलास प्लेटें हैं।
2. कोई प्लेट चम्मच नहीं है।

निष्कर्ष:

I. कुछ गिलास चम्मच हैं।

II. कोई चम्मच गिलास नहीं है।

A. केवल निष्कर्ष II पालन करता है। ✓

B. न तो निष्कर्ष I और न ही II पालन करता है।

C. केवल निष्कर्ष I पालन करता है।

D. या तो निष्कर्ष I या II पालन करता है।

Q55 General Intelligence and Reasoning

M, N, O, P और R एक वृत्ताकार मेज के परितः बैठे हैं। सभी का मुख मेज के केंद्र की ओर है। M, O के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है, और N, O के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। P, N के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। O के बाईं ओर गिनने पर, N और O के बीच में कौन बैठा है?

A. केवल P

B. केवल R ✓

C. P या R

D. M या R

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q56 General Intelligence and Reasoning

दिए गए कथन की निम्नलिखित धारणाओं में से कौन-सी मान्य हैं?

कथन:

वे एक घंटे में प्रस्थान करेंगे, लेकिन अब मुझे अपने सबक याद करने हैं, इसलिए मैं उन्हें अलविदा नहीं कह पाऊंगा।

धारणाएं:

I. सबकों को पूरा होने में एक घंटे से अधिक समय लगेगा।

II. प्रस्थान करने वाले लोग, प्रस्थान से पहले मुझसे उन्हें अलविदा कहने की उम्मीद नहीं कर रहे हैं।

A. केवल धारणा I मान्य है। ✓

B. I और II दोनों ही अमान्य हैं।

C. केवल धारणा II मान्य है।

D. I और II दोनों ही मान्य हैं।

Q57 General Intelligence and Reasoning

दिए गए विकल्पों में से कौन सा वह लगभग निकटतम मान है, जो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

$5.01 + (3.01 \times 1.99^2) \times 4 + 6.01 \div 2.03 = ?$

A. 57

B. 52

C. 56 ✓

D. 65

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q58 General Intelligence and Reasoning

एक इमारत में सात मंजिलों को 1 से 7 तक इस प्रकार क्रमांकित किया गया है कि भूतल का क्रमांक 1 है, इसके ऊपर की मंजिल का क्रमांक 2 है, और इसी तरह सबसे ऊपर की मंजिल का क्रमांक 7 है। T, U, V, W, X, Y और Z नामक सात व्यक्तियों में से प्रत्येक, एक-एक मंजिल पर रहता है, लेकिन उनका इसी क्रम में होना अनिवार्य नहीं है।

X और Z की मंज़िलों के बीच वाली मंजिलों पर केवल दो व्यक्ति रहते हैं। कोई भी व्यक्ति, U की मंजिल के ऊपर वाली मंजिल पर नहीं रहता है। T किसी विषम क्रमांक वाली मंजिल पर रहता है। Y की मंजिल के ऊपर और नीचे की मंजिलों पर रहने वाले व्यक्तियों की संख्या बराबर है। W, V के अलावा किसी अन्य व्यक्ति से ऊपर की मंजिल पर नहीं रहता है। X, Z की मंज़िल के ऊपर की किसी मंजिल पर रहता है।

5वीं मंजिल पर कौन रहता है?

A. X

B. Z

C. T ✓

D. Y

Q59 General Intelligence and Reasoning

उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसे रिक्त स्थान में भरने पर दी गई शृंखला पूर्ण हो जाएगी।

ABCD, _____, XYZA, XXXX, UVWX, UUUU

A. DDDD

B. DCBA

C. BCBA

D. AAAA ✓

Q60 General Intelligence and Reasoning

चार अक्षर-समूह दिए गए हैं, जिनमें से तीन किसी तरह से संगत हैं और एक असंगत है। असंगत का चयन कीजिए।

A. PSL

B. UXQ

C. KNF ✓

D. JMF

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q61 General Intelligence and Reasoning

एक प्रश्न और उसके बाद दो कथन - I और II दिए गए हैं। तय करें कि कौन से कथन प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त/आवश्यक हैं, और सही उत्तर का चयन करें।

प्रश्न:

शमिता, तान्या और रेखा में से कौन सबसे छोटी है?

कथन:

I. शमिता, रेखा से लंबी है। रेखा, तान्या से छोटी है।

II. रेखा, सुरभि से छोटी है। सुरभि, शमिता से लंबी है। तान्या, सुरभि से छोटी है।

(A) कथन I अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

(B) कथन II अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

(C) कथन I और II दोनों एक साथ मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

(D) कथन I और II दोनों एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए आवश्यक हैं।

A. A ✓

B. C

C. B

D. D

Q62 General Intelligence and Reasoning

उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसका पांचवें अक्षर-समूह से वही संबंध है, जो दूसरे अक्षर-समूह का पहले अक्षर-समूह से है और चौथे अक्षर-समूह का तीसरे अक्षर-समूह से है।

EYXJ : IGBR :: CRFQ: GZJY :: ZIQM : ?

A. DQUU ✓

B. DNUR

C. ENVR

D. EQVU

Q63 General Intelligence and Reasoning

दिए गए विकल्पों में से उस संख्या का चयन करें, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आकर श्रेणी को जारी रख सकती है।

6, 27, 128, 629, ?

A. 2120

B. 2121

C. 3131

D. 3130 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q64 General Intelligence and Reasoning

पांच मित्र - पूर्वा, रोशन, विभोर, लूना और अनुज, लाल, काला, बैंगनी, पीला और नीला नामक पांच अलग - अलग रंगों में से किसी एक रंग की टी-शर्ट पहने हैं। प्रत्येक मित्र को मेवे, दुग्ध उत्पाद, बिल्ली, मछली और धूल में से किसी एक से एलर्जी है, और किन्हीं भी दो मित्रों को समान एलर्जी नहीं है।

लूना को बिल्लियों से एलर्जी है, लेकिन उसने बैंगनी रंग की टी-शर्ट नहीं पहनी है। पीले रंग की टी-शर्ट पहने हुए व्यक्ति को धूल से एलर्जी है। पूर्वा ने काले रंग की टी-शर्ट पहनी है, लेकिन उसे दुग्ध उत्पाद या मछली से एलर्जी नहीं है। विभोर ने बैंगनी रंग की टी-शर्ट पहनी है, लेकिन उसे मछली से एलर्जी नहीं है। लूना ने नीले रंग की टी-शर्ट पहनी है। रोशन ने लाल रंग की टी-शर्ट पहनी है। इनमें से किसे धूल से एलर्जी है?

A. विभोर

B. अनुज ✓

C. रोशन

D. पूर्वा

Q65 General Intelligence and Reasoning

यदि किसी कूट भाषा में, 'HOME' को 'LROF' लिखा जाता है, और 'EYE' को 'HAF' लिखा जाता है, और 'SO' को 'UP' लिखा जाता है, तो उसी कूट भाषा में 'HOUSE' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

A. MSWUF

B. LSXUF

C. LQXUF

D. MSXUF ✓

Q66 General Intelligence and Reasoning

दिए गए संख्या-युग्मों में से प्रत्येक में, दूसरी संख्या, पहली संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करके प्राप्त की जाती है। निम्नलिखित में से तीन संख्या-युग्म एक समान पैटर्न का पालन करते हैं, और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। उस संख्या-युग्म का चयन करें, जो उस समूह से संबंधित नहीं है।

A. 2 : 5
B. 4 : 18
C. 6 : 39
D. 8 : 66

A. A

B. B

C. C

D. D ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q67 General Intelligence and Reasoning

दिए गए विकल्पों में से उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।

3, 78, 9, 69, 15, 60, ?

A. 21 ✓

B. 22

C. 19

D. 23

Q68 General Intelligence and Reasoning

दिए गए कथन और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन से दिए गए कथन के आधार पर सत्य हैं?

कथन:

$A \geq B = Q \leq H < X \leq K$

निष्कर्ष:

I. $B < K$

II. $X > Q$

A. केवल निष्कर्ष I सत्य है।

B. केवल निष्कर्ष II सत्य है।

C. निष्कर्ष I और निष्कर्ष II दोनों सत्य हैं। ✓

D. न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II सत्य है।

Q69 General Intelligence and Reasoning

यदि ÷ का अर्थ जोड़ना है, × का अर्थ घटाना है, + का अर्थ गुणा करना है, और - का अर्थ भाग देना है, तो

40 - 20 + 6 × 2 ÷ 5 = ?

A. 15 ✓

B. 13

C. 14


D. 16

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q70 General Intelligence and Reasoning

निम्नांकित पाई चार्ट एक पार्टी के व्यय के बंटन को दर्शाता है। नीला हिस्सा सजावट पर हुए व्यय को निरूपित करता है, हरा हिस्सा डीजे पर हुए व्यय को निरूपित करता है, लाल हिस्सा भोजन पर हुए व्यय को निरूपित करता है, और पीला हिस्सा स्थान पर हुए व्यय को निरूपित करता है। पाई-चार्ट का अध्ययन करें, और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें:



यदि कुल व्यय ₹32,700 था, तो सजावट और डीजे पर हुआ कुल व्यय कितना था?

A. ₹8,347

B. ₹7,359

C. ₹7,725

D. ₹8,175 ✓

General Awareness

50 Questions • Answer Key

Q71 General Awareness

इनमें से कौन सी रिट किसी व्यक्ति को सार्वजनिक कार्यालय में उस कार्य को करने से रोकने के लिए जारी की जाती है, जिसका वह हकदार/अधिकारी नहीं होता है?

A. बंदी प्रत्यक्षीकरण (Habeas Corpus)

B. निषेधाज्ञा (Prohibition)

C. अधिकार पृच्छा (Quo Warranto) ✓

D. उत्प्रेषण (Certiorari)

Q72 General Awareness

राजकोषीय घाटे की परिभाषा क्या है?

A. ऋण को छोड़कर कुल प्राप्तियों की तुलना में कुल व्यय की अधिकता ✓

B. प्रत्याशित मुद्रास्फीति में वृद्धि, और मुद्रा की प्रत्याशित मूल्यवृद्धि

C. प्रत्याशित मुद्रास्फीति में कमी, और मुद्रा की प्रत्याशित मूल्यवृद्धि

D. भारतीय अर्थव्यवस्था के अंदर मुद्रास्फीति में वृद्धि

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q73 General Awareness

2021 में किस पारंपरिक डाई-पेंटेड आलंकारिक और पैटर्न वाले वस्त्र को भौगोलिक संकेत (GI) टैग प्राप्त हुआ?

A. थांगका (थांका) पेंटिंग

B. करुप्पुर कलमकारी पेंटिंग ✓

C. मिथिला पेंटिंग

D. पट्टचित्र पेंटिंग

Q74 General Awareness

निम्न में से कौन सा भारत में सूक्ष्म वित्त संस्थानों का मूल सिद्धांत नहीं है?

A. महिला कर्जदारों पर फोकस

B. पियर मॉनिटरिंग

C. बड़ी ऋण राशियां ✓

D. भौतिक संपार्श्विक की कमी

Q75 General Awareness

'कर्नाटक संगीत पितामह' के रूप में प्रतिष्ठित _____, अत्यधिक प्रख्यात संगीतकारों में से एक हैं।

A. त्यागराज

B. एम. डी. रामानाथन

C. पुरंदर दास ✓

D. धर्म राजा

Q76 General Awareness

भारतीय रेलवे इयरबुक 2019-20 के अनुसार, वर्ष 2019-20 के अंत तक रूट किलोमीटर की दृष्टि से निम्न में से कौन सा राज्य पहले स्थान पर है?

A. उत्तर प्रदेश ✓

B. मध्य प्रदेश

C. महाराष्ट्र

D. राजस्थान

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q77 General Awareness

भारत के राष्ट्रपति का चुनाव एक निर्वाचन मंडल द्वारा किया जाता है जिसमें ये शामिल होते हैं:

1. संसद के दोनों सदनों यानी लोकसभा और राज्यसभा के निर्वाचित सदस्य
2. राज्य विधान सभाओं के निर्वाचित सदस्य।

A. केवल 2

B. केवल 1

C. 1 और 2, दोनों ✓

D. न तो 1 न ही 2

Q78 General Awareness

भू-पर्पटी (Earth's Crust) में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध तत्वों के संदर्भ में, निम्न में से कौन सी धातु भू-पर्पटी (Earth's Crust) में सर्वाधिक प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है?

A. टाइटेनियम (Titanium)

B. बेरियम (Barium)

C. एल्यूमीनियम (Aluminium) ✓

D. मैंगनीज (Manganese)

Q79 General Awareness

1680 में, शिवाजी के पुत्र _____, अपने भाई राजाराम के विरुद्ध उत्तराधिकार के युद्ध में विजय प्राप्त करने के बाद सिंहासन पर बैठे थे।

A. संभाजी ✓

B. बालाजी

C. शाहू

D. बाजी राव प्रथम

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q80 General Awareness

जनवरी 2022 में आयोजित 20वें ढाका अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह में एशियाई फिल्म प्रतियोगिता श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीतने वाली फिल्म कूझंगल (Koozhangal) का निर्देशन किसने किया है?

A. पी.एस. विनोदराज (PS Vinothraj) ✓

B. इंद्रनील रॉयचौधरी

C. सुजीत बिदारी

D. रंजीत संकर (Ranjith Sankar)

Q81 General Awareness

निम्न में से किस संवैधानिक संशोधन द्वारा मौलिक कर्तव्यों को भारतीय संविधान में शामिल किया गया था?

A. 42वां संशोधन ✓

B. 40वां संशोधन

C. 86वां संशोधन

D. 80वां संशोधन

Q82 General Awareness

एमएस-एक्सेल (MS-Excel) वर्कशीट में पांचवें स्तंभ (column) की दसवीं पंक्ति (row) में मौजूद सेल का एड्रेस क्या होता है?

A. 10E

B. E10 ✓

C. 5J

D. J5

Q83 General Awareness

निम्न में से किसे 'कोशिका का पावरहाउस' कहा जाता है?

A. लाल रक्त कणिकाएं

B. श्वेत रक्त कणिकाएं

C. प्लाज्मा झिल्ली

D. माइटोकांड्रिया ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q84 General Awareness

नमूना पंजीकरण प्रणाली के अनुसार, निम्न में से किस राज्य में शिशु मृत्यु दर (2019 के लिए) सर्वाधिक है?

A. बिहार

B. मध्य प्रदेश ✓

C. छत्तीसगढ़

D. उत्तर प्रदेश

Q85 General Awareness

भारतीय संविधान का कौन सा भाग पंचायतों से संबंधित है?

A. IX ✓

B. X

C. VIII

D. IXA

Q86 General Awareness

निम्न में से कौन-सी खुली अर्थव्यवस्था की विशेषता नहीं है?

A. विदेशी निवेश की स्वतंत्रता

B. उद्योगों की लाइसेंसिंग आवश्यकता को समाप्त करना

C. प्रौद्योगिकी आयात करने की स्वतंत्रता

D. बड़े पैमाने वाले उद्योगों पर प्रतिबंध ✓

Q87 General Awareness

वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट 2021 के अनुसार, निम्न में से कौन सा देश सर्वाधिक लैंगिक समानता वाला देश है?

A. स्वीडन

B. नॉर्वे

C. फ़िनलैंड

D. आइसलैंड ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q88 General Awareness

विश्व आर्थिक मंच (World Economic Forum) के अनुसार, मार्च 2021 तक प्राप्त जानकारी के आधार पर, निम्न में से किस देश के क्षेत्र में बोली जाने वाली भाषाओं की संख्या सर्वाधिक थी?

A. संयुक्त राज्य अमेरिका

B. भारत

C. पपुआ न्यू गिनी ✓

D. नॉर्वे

Q89 General Awareness

डी.आर.डी.ओ. (DRDO) द्वारा विकसित सुपरसोनिक मिसाइल असिस्टेड टॉरपीडो सिस्टम का सफल प्रक्षेपण दिसंबर 2021 में किस स्थान पर किया गया था?

A. महाराष्ट्र

B. आंध्र प्रदेश

C. ओडिशा ✓

D. पश्चिम बंगाल

Q90 General Awareness

स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (SJFI) पैरा-एथलीट वुमन ऑफ द ईयर अवार्ड 2021 की विजेता अवनी लेखरा कौन सा खेल खेलती हैं?

A. बैडमिंटन

B. भालाफेंक

C. गोलाफेंक

D. निशानेबाजी ✓

Q91 General Awareness

विश्व इस्पात संघ (World Steel Association) के अनुसार, निम्न में से कौन सा देश वर्ष 2020 में इस्पात उत्पादन के मामले में विश्व में प्रथम स्थान पर था?

A. चीन ✓

B. भारत

C. संयुक्त राज्य अमेरिका

D. जापान

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q92 General Awareness

1991 में भारत में औद्योगिक लाइसेंसिंग की समाप्ति के बाद, _____, उन कुछ उद्योगों में से एक है, जिनके लिए औद्योगिक लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य है।

A. चमड़ा

B. शराब ✓

C. पेय पदार्थ

D. सब्जी और खाद्य प्रसंस्करण

Q93 General Awareness

जट-जटिन निम्न में से किस राज्य का अत्यधिक लोकप्रिय लोक नृत्य है?

A. छत्तीसगढ़

B. मध्य प्रदेश

C. असम

D. बिहार ✓

Q94 General Awareness

बाल्तोरो ग्लेशियर, हिमालय की निम्न में से किस उप-पर्वतमाला में स्थित है?

A. ज़ांस्कर

B. काराकोरम ✓

C. पीर पंजाल

D. लद्दाख

Q95 General Awareness

2025 तक बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (BWF) एथलीट आयोग के सदस्य के रूप में नियुक्त एकमात्र भारतीय कौन हैं?

A. पुसरला वेंकट सिंधु ✓

B. श्रीकांत किदांबी

C. भमिदिपति साई प्रणीत

D. साइना नेहवाल

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q96 General Awareness

यूराल औद्योगिक क्षेत्र किस देश में स्थित है?

A. संयुक्त राज्य अमेरिका

B. ब्रिटेन

C. रूस ✓

D. चीन

Q97 General Awareness

वजन के अनुसार, भू-पर्पटी (Earth's Crust) में ऑक्सीजन का लगभग प्रतिशत कितना है?

A. 36.6%

B. 46.6% ✓

C. 16.6%

D. 19.6%

Q98 General Awareness

'लेडी डॉक्टर्स: द अनटोल्ड स्टोरीज ऑफ इंडियाज फर्स्ट वूमेन इन मेडिसिन (Lady Doctors: The Untold Stories of India's First Women in Medicine)' पुस्तक के लेखक कौन हैं?

A. जयराम रमेश

B. कुणाल बसु

C. अनुराधा रॉय

D. कविता राव ✓

Q99 General Awareness

वैशाली में, द्वितीय बौद्ध संगीति (Second Buddhists Council) _____ द्वारा संचालित की गई थी।

A. कालाशोक ✓

B. सुनिधा

C. मुण्डा

D. अनुरुद्ध

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q100 General Awareness

जर्मनी की रेडियो सेवा के भाग के रूप में आजाद हिंद रेडियो सेवा किस वर्ष शुरू हुई थी?

A. 1940

B. 1938

C. 1942 ✓

D. 1939

Q101 General Awareness

ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन से स्वतंत्रता और भारत के विभाजन तक भारत के अवस्थांतर को चित्रित करने वाली पुस्तक, 'मिडनाइट्स चिल्ड्रन (Midnight's Children)' के लेखक कौन हैं?

A. विद्याधर सूरजप्रसाद नायपॉल

B. अमिताभ घोष

C. विक्रम सेठ

D. सलमान रुश्दी ✓

Q102 General Awareness

उद्योग और व्यापार के संबंध में, MRTP (एमआरटीपी) का पूर्ण रूप क्या है?

A. Monetary and Repository Trade Practices (मॉनेटरी एंड रिपॉजिटरी ट्रेड प्रैक्टिसेज)

B. Moderate and Restrictive Trade Protocols (मॉडरेट एंड रिस्ट्रिक्टिव ट्रेड प्रोटोकॉल्स)

C. Monopolistic and Reinforcing Trade Protocols (मोनोपॉलिस्टिक एंड रिइन्फोर्सिंग ट्रेड प्रोटोकॉल्स)

D. Monopolies and Restrictive Trade Practices (मोनोपॉलीज एंड रिस्ट्रिक्टिव ट्रेड प्रैक्टिसेज) ✓

Q103 General Awareness

निम्न में से कौन सी जनजाति तमिलनाडु राज्य की मूल निवासी नहीं है?

A. भूटिया ✓

B. कोटा

C. कुरुम्बा

D. मालासार

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q104 General Awareness

निम्न में से किस देश ने डेविस कप 2021 जीता है?

A. ऑस्ट्रिया

B. उज़्बेकिस्तान

C. रूस ✓

D. क्रोएशिया

Q105 General Awareness

19वीं शताब्दी में निर्मित अजमेर का सोनीजी की नसिया मंदिर _____ को समर्पित है।

A. भगवान चंद्रप्रभ

B. भगवान महावीर

C. भगवान अजितनाथ

D. भगवान ऋषभदेव ✓

Q106 General Awareness

टिटनेस, तंत्रिका तंत्र की एक गंभीर बीमारी है, जो विष उत्पन्न करने वाले _____ के कारण होती है।

A. प्रजीव (Protist)

B. कवकों

C. परजीवी (parasite)

D. जीवाणुओं ✓

Q107 General Awareness

नवंबर 2021 में कोलंबिया द्वारा आयोजित 14वें अंतरराष्ट्रीय खगोल विज्ञान एवं खगोल भौतिकी ओलंपियाड (IOAA) 2021 [International Olympiad on Astronomy and Astrophysics (IOAA) 2021] की पदक तालिका में भारत का स्थान कौन सा था?

A. तीसरा

B. पहला ✓

C. दूसरा

D. चौथा

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q108 General Awareness

निम्न में से किस महासागर में क्यूरोशियो जलधारा (Kuroshio current flows) प्रवाहित होती है?

A. प्रशांत महासागर ✓

B. अटलांटिक महासागर

C. हिंद महासागर

D. दक्षिणी महासागर

Q109 General Awareness

निम्न में से कौन सा देश बिटकॉइन को वैध मुद्रा के रूप में स्वीकार करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है?

A. जमैका

B. उज़्बेकिस्तान

C. अल साल्वाडोर ✓

D. अल्बानिया

Q110 General Awareness

पीएच (pH) स्केल पर, किसी उदासीन विलयन का पीएच (pH) _____ होता है।

A. 5

B. 10

C. 14

D. 7 ✓

Q111 General Awareness

शोगात्सु (Shogatsu), निम्न में से किस देश का नव वर्ष त्योहार है?

A. जापान ✓

B. न्यूज़ीलैंड

C. ब्राज़ील

D. फ्रांस

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q112 General Awareness

भारत के संविधान के _____में प्रावधान है कि किसी नागरिक के साथ नस्ल, धर्म, जाति या जन्म स्थान या इनमें से किसी के आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जा सकता है।

A. अनुच्छेद 15 ✓

B. अनुच्छेद 19

C. अनुच्छेद 17

D. अनुच्छेद 16

Q113 General Awareness

मार्च 2022 तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, राज्यसभा में सदन के नेता कौन थे?

A. हरिवंश

B. एम. वेंकैया नायडू

C. थावरचंद गहलोत

D. पीयूष गोयल ✓

Q114 General Awareness

पूर्ति वक्र (supply curve) पर वह बिंदु, जिस पर कोई फर्म केवल सामान्य लाभ अर्जित करती है, _____ कहलाता है।

A. ब्रेक-थ्रू बिंदु

B. ब्रेक-इवेन बिंदु ✓

C. आय बिंदु

D. निकास बिंदु

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q115 General Awareness

प्रयाग प्रशस्ति (जिसे इलाहाबाद स्तंभ शिलालेख के रूप में भी जाना जाता है) हमें _____ की उपलब्धियों के बारे में जानकारी प्रदान करता है।

A. श्रीगुप्त

B. अशोक

C. समुद्रगुप्त ✓

D. चंद्रगुप्त-प्रथम

Q116 General Awareness

निम्न में से कौन सा राज्य सैकुटी ज़ाई (Saikuti Zai) की लोक संगीत परंपराओं का उद्गम स्थल है?

A. गोवा

B. मिज़ोरम ✓

C. तेलंगाना

D. ओडिशा

Q117 General Awareness

लंबाई की SI इकाई _____ है।

A. मीटर ✓

B. मील

C. इंच

D. फीट

Q118 General Awareness

हरिजन सेवक संघ की स्थापना अस्पृश्यता नामक बुराई के उन्मूलन के प्रयोजनार्थ 1932 में _____ द्वारा की गई थी।

A. नरेंद्र देव

B. महात्मा गांधी ✓

C. अरुणा आसफ अली

D. जवाहर लाल नेहरू

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q119 General Awareness

औद्योगिक पैमाने पर हीरों के खनन में शामिल देश की एकमात्र खदान निम्न में से किस राज्य में स्थित है?

A. मध्य प्रदेश ✓

B. तमिलनाडु

C. कर्नाटक

D. छत्तीसगढ़

Q120 General Awareness

विंडोज 10 ऑपरेटिंग सिस्टम में, पीसी (PC) को लॉक करने के लिए निम्न में से किस कीबोर्ड शॉर्टकट का उपयोग किया जाता है?

A. विंडोज लोगो कुंजी (Windows logo key) + D

B. विंडोज लोगो कुंजी (Windows logo key) + L ✓

C. Ctrl + K

D. Ctrl + L

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in